तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 19 मई 2025



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली ... 11



शान से निकाली गई तिरंगा यात्रा 12



## खबर संक्षेप

### ओड़ान सहित चार स्थानों पर समाधान शिविर आज

**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत 19 मई को जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 4 स्थानों पर लोक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समाधान शिविर सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक आयोजित होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 मई 2025 को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरी, विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगारपुर, विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत बल्दाक़्छार, विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़ान में समाधान शिविर आयोजित होंगे। समाधान शिविर में सभी विभाग के विकासखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे जो आवेदन के निराकरण सहित योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके साथ ही विभिन्न योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शासन के सुशासन अभियान में सहभागी बनने की अपील की गई है।

### जेसीबी ड्राइवर के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली के मेदनीपुर में अतिक्रमण हटाने के दौरान जेसीबी में तोड़फोड़ और ड्राइवर के साथ मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी विकास यादव निवासी ग्राम बामडाडीह ने बताया कि वह चनौरडीह के अश्वनी प्रधान का जेसीबी चलाता है। 16 मई को सरायपाली के मेदनीपुर में तेजराम प्रधान की जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए किराये पर जेसीबी लेकर गया था। कब्जा हटाते समय गांव के अमित साहू, गंगाधर साहू, बलोचन साहू, सत्यानंद यादव एवं अन्य लोग आये और हमारे मकान को क्यों तोड़ रहे हो कहकर सभी ने एकराय होकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए डंडा और पत्थर से मेरे जेसीबी के कांच में तोड़फोड़ की और इस दौरान अमित साहू ने हाथ में रखे पत्थर से मार सिर पर मार दिया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 324(4), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### नगर पालिका के ड्राइवर से मारपीट

**महासमुंद।** टैंकर से पानी सप्लाई कर रहे नगर पालिका के ड्राइवर के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी धनेश्वर साहू निवासी ग्राम शेर ने बताया कि वह नगर पालिका महासमुंद में ड्रायवर के पद पर डेलीवेजेस में कार्यरत है। 17 मई को उसकी ड्यूटी नयापारा, इमलीभांठा में पानी सप्लाई के लिए लगाई गई थी। इस दौरान वह वार्ड नंबर 06 आंगनबाड़ी के पास ट्रैक्टर को खड़ा कर मोहल्ले वालों को पानी वितरण कर रहा था। रात करीबन 10:30 बजे आरोपी मूलचई चंद्राकर ट्रैक्टर के पास आया और गाली गलौज करते हुए बोला कि तुम लोग हम लोगों को पानी नहीं दे रहे हो, इस पर उसने कहा कि पानी खत्म हो गया है। फिर आरोपी ने ज्यादा होशियार बनता है कहकर हाथ मुक्का से मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सहकारी कर्मचारी 19 को रायपुर में देंगे धरना

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के बेनर तले लंबित तीन सूत्रीय मांगों के संबंध में 19 मई सोमवार को धरना स्थल तूता नया रायपुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन रैली में जिले के समिति के कर्मचारीगण शामिल होंगे।

# जर्जर पुल बना खतरा, महकम-सोनाखान सड़क पर दोनों ओर स्टॉपर लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिरौदपुरी से महकम होते हुए सोनाखान ब्लाक जाने वाली वनांचल के सड़क मार्ग पर विगत दो माह पूर्व से पुल जर्जर होकर टूट जाने से जहां आने -जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और सोनाखान के नया ब्लाक बनने के बाद वहां की हालत पर सुधार कार्य नहीं होने पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मार्ग से रोजना राहगीर, ग्रामीण तथा अधिकारी -कर्मचारियों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन विभाग की नजर इन पर नहीं पड़ रहा है ।

■ आवागमन ठप, वैकल्पिक मार्ग से सफर कर रहे ग्रामीण

महकम से सोनाखान जाने के लिए बस्ती रोड से होकर कर जाना पड़ता है। जर्जर पुल टूट जाने से लोगों को बहुत ही परेशानियों को समाना करना पड रहा है। लेकिन विभाग द्वारा सोनाखान एवं गिरौदपुरी में कार्यक्रम होने आदेश होता है तो विभाग द्वारा ▶▶ शेष पेज 11 पर





### लोगों की परेशानी बढ़ी

गिधौरी से 30 किलोमीटर की दूरी पर शहीद वीरनारायण सिंह की जन्म भूमि के क्षेत्र में जर्जर सड़कें ही दिखाई देती है। शहीद ग्राम में प्रतिवर्ष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्री आते है और गिरौदपुरी में संत बाबा गुरू घासीदास जी की जन्मस्थली एवं तपो भूमि है यहां प्रतिदिन हजारों कुछ संख्या में श्रद्धालुओं की आना -जाना लगा रहता है और श्रद्धालुओं द्वारा छाता पहाड, पंचकुंडीय, सोनाखान आदि स्थानों पर जाकर दर्शन प्राप्त करते हैं। महकम और सोनाखान जाने वाली मार्ग पर पुल जर्जर होकर टूट जाने से लोगों को कठिनाई उठानी पड़ रही है। वहीं ग्रामीण द्वारा सड़क की मांग करते आ रहे हैं।



## शिविर : समाधान शिविर में शासकीय भूमि को सुरक्षित कर भू माफियाओं पर कार्रवाई की मांग

# समस्याओं और शिकायतों का हो रहा त्वरित निराकरण : सांसद बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में समस्त शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व अन्य समस्या के समाधान के लिए चल रहे सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण समाधान शिविर नगर पंचायत खरोरा के सांस्कृतिक भवन परिसर में अयोजित किया गया। इस शिविर में महिलाबाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन संस्कार और गोदभराई संस्कार का आयोजन किया गया सांसद बृजमोहन अग्रवाल विधायक अनुज शर्मा ने व जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने बच्चों को खीर खिलाया स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया टीबी मरीजों को फूड कीट दिया गया। वहीं वन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम आभियान अंतर्गत पौधा वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा स्पेयर वितरण किया गया।वहीं आबकारी विभाग को ग्रामीणों ने ▶▶ शेष पेज 11 पर

### नया खरोरा में लगा समाधान शिविर, खरोरा में पानी की किल्लत होगी दूर

### 75 लाख के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

15 वे वित्तयोग वार्ड क्रमांक 09 स्थित नगर पंचायत कार्यालय वॉटर हेड टैंक के पास से वार्ड क्रमांक 06 स्थित पनखटिया तालाब के पास वॉटर हेड टैंक तक के पाईप लाईन विस्तार व वार्ड क्रमांक 06 में महतारी घाट निर्माण का भूमिपूजन किया। वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद हेमलता नशीने ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा का आभार व्यक्त किया। विधायक अनुज शर्मा ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार मात्र 15 महीना में आपके घर द्वार आकर आपकी समस्या पूछ तुरंत समाधान कर रही है और सभी बिकास कार्य साय साय कर रही है वहीं मात्र खरोरा से ही प्रधानमंत्री आवास के लिए 1100 आवेदन आवास प्राप्त हुए है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने नगर में पुष्पवाटिका सौंदर्यीकरण, इंडोर स्टेडियम, खेल मैदान निर्माण, लाइब्रेरी समेत अनेक विकास कार्यों के लिए 08 करोड़ रुपए की मांग की जिसपर सांसद और विधायक ने आश्वाशन दिया है कि जल्द इसपर बड़ी घोषणा की जाएगी।





### वादे को जल्द किया जाएगा पूरा

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घोषणा की थी कि जो शराब दुकान नगर के मध्य में स्थित है उसे नगर के बाहर स्थापित 01 अप्रैल से किया जाएगा पर वह अभी तक हुआ नहीं है। इस पर सांसद ने आश्वस्त किया है कि जल्द इस वादे को पूरा कर लिया जाएगा। वहीं कांग्रेस के रविंदर बबलू भाटिया पूर्व प्रदेश महासचिव, युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़, सुरेन्द्र गिलहरे पार्षद एवं शहर ब्लाक अध्यक्ष, पन्ना देवांगन, जुबैर अली,पार्षद राकेश देवांगन, निलेश चंद्रवंशी, कपिल नशीने, परमेश्वर नायक , हेमलाल निषाद, राजू पाल, भानू भट्ट एवं अन्य लोगों की मौजूदगी में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, व अनुभागीय अधिकारी तिल्दा से मांग की है कि खरोरा-केशला रोड से तिल्दा की आरे जाने वाले वाहन खरोरा शहर में प्रवेश वर्जित कर बाईपास से जाने और हाईवा ट्रक को धीरे चलाने के लिए स्पीड ब्रेकर का निर्माण की मांग की। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया कि स्थिति में उग्र आंदोलन खरोरा नगर के नागरिकों के द्वारा किया जाएगा, जिसकी पुरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



### अधिकारियों को मंच पर बुलाकर सांसद ने लगाई फटकार

बिजली विभाग, पीएचई, आबकारी, पुलिस, नगर पंचायत के अधिकारियों को उन्होंने एक -एक कर मंच पर बुलाया और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर फटकार लगाई। वहीं उन्होंने आगे कहा कि साय सरकार के सुशासन तिहार के शिविर के पूर्व ही मोदी के गारंटी के तहत पूरे प्रदश वासियों को लाभ मिल रहा है किसानों को बोनस, 3100 प्रति किंवटल धान खरीदी किया जा रहा 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रूपए महतारी वंदन के अंतर्गत दिया जा रहा है। गरीब मजदूरों को दीनदयाल मजदूर योजना अंतर्गत सालाना 10 हजार रूपए सहयोग राशि दिया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वेरनजन ने कहा की अब तक 2085 आवदेन का निराकरण किया जा चुका है पात्र को हर योजना का लाभ दिलाने प्रयास सभी विभाग के अधिकारी करें

## तीन घरों में चोरियों का खुलासा, चार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

थाना गिधौरी क्षेत्र के ग्राम हसुवा एवं घटमडवा में बीते दिनों लगातार हुई चोरी की घटनाओं का गिधौरी पुलिस ने खुलासा कर दिया है। तीन अलग-अलग मामलों में अज्ञात चोरों ने घरों में घुसकर लाखों रुपये की चोरी की थी। इन मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे सोने के जेवर, 45 हजार नकद एवं दो मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पहला प्रकरण में ग्राम हसुवा निवासी राधेश्याम साहू ने 24 अप्रैल 2025 की रात अपने घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवर और 3200 रुपए नगद चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर अपराध क्रमांक 91/2025, धारा 331(4), 305(A), 3(5) बीएनएस के तहत ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ सोने के जेवर, नकदी व दो बाइक जब्त

### मुखबिरों की मदद से सुराग जुटाया

लगातार हो रही चोरियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने थाना प्रभारी गिधौरी को निर्देशित किया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों की मदद से सुराग जुटाया। जांच के दौरान शिवरीनारायण निवासी चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने गिधौरी क्षेत्र की तीनों चोरियों को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से: 8,450 मूल्य का सोने का लॉकेट, 45,000 नगद, 2 मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त) जब्त की गई है। सभी चार आरोपियों को 18 मई 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## ई-साक्ष्य व IO-मितान कार्यशाला का समापन, 150 विवेचकों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ई-साक्ष्य एवं IO-मितान मोबाइल एप के उपयोग और कार्यप्रणाली को लेकर पांच चरणों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह आज पुलिस कम्युनिटी हॉल, बलौदाबाजार में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न थाना-चौकियों में पदस्थ कुल 150 विवेचकों ने भाग लिया और डिजिटल साक्ष्य संग्रहण की तकनीकी जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के ▶▶ शेष पेज 11 पर



## चक्रवाय में रेत का अवैध परिवहन कर रहे 7 ट्रेक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा के निर्देशानुसार तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा ने क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई प्रारंभ कर दिया है। तहसीलदार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के शिवनाथ नदी के किनारे स्थित ग्राम चक्रवाय में आज रविवार को राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और माइनिंग विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन कर रहे कलाराम निषाद, राकेश ओगरे, कलेश्वर यादव, भुलन निषाद वगैरह के 7 ट्रेक्टर एवं ट्राली जब्त किया है। तहसीलदार ने जप्त वाहनों को दामाखेड़ा चौकी मे सुपुर्द किया है।

■ एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार ने की संयुक्त कार्रवाई

ज्ञात हो कि सिमगा क्षेत्र में रेत माफियाओं द्वारा दिन रात ट्रेक्टर व हाईवा से रेत का परिवहन किया जा रहा है। वहीं रेत माफियाओं द्वारा शिवनाथ नदी से प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों से रेत का दोहन किया जा रहा है यह काम विगत कई महिनों से चल रहा है माइनिंग विभाग की उदासीनता के चलते बेधड़क अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन का कारोबार संचालित किया जा रहा है। गत दिनों कलेक्टर दीपक सोनी ने टोल फ्री नंबर जारी करते हुए अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर कसावट लाने राजस्व, पुलिस, वन, खनिज और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित की है जिसके पश्चात कार्यवाही जारी है।



### शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर श्रद्धालु हुए भावुक

# एक लोटा जल और मात्र बेलपत्र से भी प्रसन्न हो जाते हैं भोलेनाथ: पं. रविकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह/सैहा/गुमा

ठेलकी बाड़ा में आयोजित नौ दिवसीय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के विश्राम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति में पार्थिव शिवलिंग का विधिवत पूजन एवं अभिषेक संपन्न हुआ।



आचार्य एवं कथावाचक पंडित रविकांत तिवारी ने इस अवसर पर द्वादश ज्योतिर्लिंग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए किसी विशेष सामग्री की आवश्यकता नहीं होती। सच्ची श्रद्धा, एक लोटा जल और एक बेलपत्र से ही भोलेनाथ की पूजा सफल हो जाती है। उन्होंने कहा कि शिव भाव के देवता हैं और भक्तों की सरल प्रार्थना को स्वीकार कर मनोकामनाओं की पूर्ति करते हैं, इसीलिए उन्हें 'भोला भंडारी' और 'भोलेनाथ' कहा जाता है। कथा के पूर्णाहुति कार्यक्रम में गंगा स्नान, हवन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जन सम्मिलित हुए। कथा के समापन पर भक्तगण भावविभोर हो उठे और वातावरण /"हर हर महादेव/" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के अंत में पंडित रविकांत तिवारी ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा की शिवशक्ति की जय हो, प्राणियों में सद्भावना हो, और विश्व का कल्याण हो। यह आयोजन क्षेत्र में अध्यात्मिक चेतना का केंद्र बना और भक्तों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा।



## सुशासन तिहार समर कैंप का शुभारंभ, युवाओं के सर्वांगीण विकास की ओर महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला प्रशासन बलौदाबाजार द्वारा ग्रामीण युवाओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से सुशासन तिहार समर कैंप की शुरुआत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के छह ग्राम पंचायतों में आयोजित यह दस दिवसीय विशेष शिविर युवाओं को आत्मनिर्भर एवं जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

■ छह ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ यह दस दिवसीय विशेष शिविर

16 से 31 मई 2025 तक चलने वाले इस समर कैंप में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के लगभग 100 छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन प्रातः दो घंटे का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शिविर में प्रतिभागियों को मार्शल आर्ट्स, योग, जुम्बा, साइबर सुरक्षा, कानूनी जागरूकता एवं करियर काउंसलिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिविर का संचालन स्पोर्ट्स, फिजिकल ▶▶ शेष पेज 11 पर



### सुरक्षित, रचनात्मक और प्रेरणादायक मंच

यह समर कैंप विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत गुडेलिया एवं सिंगारपुर, सिमगा के नवापारा, बलौदाबाजार के अर्जुनी, पलारी के सकरी प तथा कसडोल के बल्दाकछार ग्राम पंचायतों में संचालित हो रहा है। शिविर में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, जीवन कौशल, डिजिटल एवं कानूनी साक्षरता का विकास हो रहा है। गर्मी की छुट्टियों के दौरान यह समर कैंप बच्चों के लिए एक सुरक्षित, रचनात्मक और प्रेरणादायक मंच प्रदान कर रहा है।

## खबर संक्षेप



### कॉलोनी की समस्याओं को लेकर विधायक से की मुलाकात

**रायपुर।** रेसिडेंट को-ऑपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू से सौजन्य भेंट की। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा कॉलोनी की मुख्य समस्याओं, बाउंड्रीवॉल का निर्माण, बाहर की ओर से कॉलोनी में आने वाली नाली के डायवर्सन, मुख्य द्वार पर गार्ड के बैठने के लिए शेड निर्माण, संपूर्ण परिसर में टूटे चैंबरों की मरम्मत, कॉलोनी के पीछे नाले के सौंदर्यीकरण इत्यादि समस्याओं के निराकरण के लिए हाउसिंग बोर्ड को निर्देशित करने के लिए विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया। जिस पर विधायक श्री साहू ने ध्यानपूर्वक समस्याएं सुनीं और शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में सोसाइटी के संरक्षक कुलेश देवांगन, अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष बीआर देवांगन, कोषाध्यक्ष बीआर साहू, सांस्कृतिक प्रभारी भूमेद सिंह खंडाते, वरिष्ठ सदस्य हरि श्याम यादव एवं बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित थे।

### प्रदेश में खरीफ 2025 की तैयारी, कृषि संकल्प अभियान 29 से

**रायपुर।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान वर्ष 2025 का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 तक राज्य के सभी विकासखंडों में किया जाएगा। यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान खरीफ मौसम 2025 की पूर्व तैयारी को सशक्त बनाने, किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने तथा खेतों में हो रहे नवाचारों को पहचान कर अनुसंधान की दिशा तय करने के लिए प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में अभियान के सफल संचालन के लिए कृषि एवं संबद्ध विभागों की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 2 से 3 चिन्हित ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों के साथ वैज्ञानिक परिचर्चा आयोजित करेंगी। परिचर्चाओं के माध्यम से किसानों को धान की सीधी बुवाई,ड्रोन तकनीक का उपयोग, प्राकृतिक खेती, बीजों की नवीन किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित कृषि, बागवानी, पशुपालन व मत्स्यपालन संबंधी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इन आयोजनों में आईसीएआर संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, कृषि विभाग व संबद्ध विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रगतिशील कृषक भाग लेंगे।

### मराठा समाज ने किया आर्ट शाला का शुभारंभ



**रायपुर।** छत्रपति संभाजी महाराज जन्म जयंती (मराठा युवा दिवस) के अवसर पर मराठा समाज द्वारा निशुल्क समर कैंप, आर्ट शाला एवं मराठा समाज के कार्यालय का उद्घाटन पार्षद एवं जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने किया। इस मौके पर मराठा समाज के अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि आर्ट शाला 2025 में बच्चों को निशुल्क ड्राइंग, पेंटिंग, लिप्पन आर्ट, कोल्ड कुकिंग, मेहंदी, डांस के साथ ही साथ शिष्टाचार भी सिखाया जाएगा, जहां पर मराठा समाज द्वारा सीखने में लगने वाले सामान भी निशुल्क उपलब्ध कराएगा। अभी तक 93 बच्चों ने शिविर के लिए पंजीयन करा लिया है। इस आयोजन में मराठा मित्र मंडल रायपुर के अध्यक्ष लोकेश पवार, महिला अध्यक्षा सुषमा महाडिक, महासचिव विनोद मांढरे, सचिव शरद फरताड़े, कोषाध्यक्ष हेमराव सिरगिरे, संरक्षक सुरेंद्र डुकरे, नागराजू कापसे, प्रदेश महासचिव महेंद्र जाधव आदि उपस्थित थे।

# संविधान बचाओ रैली में शामिल होंगे पायलट, आज जांजगीर-चांपा से होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में पहलगाम की घटना को लेकर दो बार स्थगित हुई कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली अब जांजगीर-चांपा से शुरू की जाएगी। रैली में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट हिस्सा लेंगे। रैली के दौरान पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। 19 मई को जांजगीर चांपा में संविधान बचाओ रैली के बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। जिला एवं विधानसभा के बाद कांग्रेस घर-घर तक संविधान बचाओ अभियान लेकर जायेगी। जांजगीर-चांपा में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी की रणनीति तैयार की गई है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग, प्रभारी सचिव विजय जांगिड़, विधायक सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे। पूर्व में दुर्ग और बिलासपुर से रैली शुरू करने का प्रयास किया गया, पर स्थगित कर दी गई। अब जांजगीर-चांपा से निकलने वाली रैली की तैयारी लगभग पूरी हो गई है।

## रैली के बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में निकलेगी रैली

### तीन मांगों पर केंद्रित होगी रैली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस पार्टी जनसरोकार की प्रमुख तीन मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी और केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बनाएगी। पहला आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाने की मांग, इसके लिए एआईसीसी ने अहमदाबाद की बैठक में प्रस्ताव भी पास किया है। दूसरा केंद्र की सरकार ने नेशनल बजट के एलोकेशन में एससी, एसटी के लिए बजट दुर्भावना पूर्वक कम किया जा रहा है, उसे बढ़ाने और पॉपुलेशन के आधार पर बजट हो, सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी युवाओं को प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण दिया जाए। 2006 में यूपीए की सरकार ने संविधान के आर्टिकल 15(5) में इसका प्रावधान भी किया है, इसका सरकारी स्कूलों में तो लाभ मिल रहा है, लेकिन निजी संस्थान में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार इसे निजी संस्थानों में भी तत्काल लागू कराए।







### आज से दो दिवसीय दौरे पर आएंगे पायलट

एआईसीसी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट 18 मई को नियमित विमान सेवा से शाम 5.30 बजे मुंबई से रायपुर पहुंचेंगे। शाम 6 बजे समता कालोनी में पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत हुये कारोबारी स्व. दिनेश मिरानिया के परिवार से मुलाकात करेंगे। शाम 6.30 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे एवं रात्रि विश्राम बिलासपुर में करेंगे। 19 मई को दोपहर 2 बजे बिलासपुर से जांजगीर-चांपा के लिये रवाना होंगे। दोपहर 3 बजे जांजगीर-चांपा में आयोजित मेजर ध्यान चंद हॉकी स्टेडियम में संविधान बचाओ रैली के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5.30 बजे जांजगीर-चांपा से रायपुर के लिये रवाना होंगे। रात 8.30 बजे रायपुर से नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण

# 7127 स्कूलों में एक शिक्षक, 260 भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने की पहल की है। वर्तमान में प्रदेश की 212 प्राथमिक शालाएं पूर्णतः शिक्षक विहीन हैं, जबकि 6,872 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। इसी प्रकार 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं शिक्षक विहीन हैं तथा 255 शालाएं एकल शिक्षकीय श्रेणी में आती हैं। इस प्रकार प्रदेश की 7127 स्कूलों में एक शिक्षक हैं, वहीं 260 स्कूल ऐसे है, जहां एक भी शिक्षक नहीं है, यह भगवान भरोसे चल रहे हैं।

प्रदेश में प्राथमिक शालाओं में कुल 77 हजार 845 सहायक शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि पूर्व माध्यमिक शालाओं में 55 हजार 692 शिक्षक कार्यरत हैं। यदि शिक्षक विहीन प्राथमिक शालाओं में 2-2 तथा एकल शिक्षकीय शालाओं में 1-1 अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति की जाए, तो कुल 7 हजार 296 सहायक शिक्षकों की आवश्यकता होगी, जबकि उपलब्ध अतिशेष सहायक शिक्षक केवल 3 हजार 608 हैं। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक स्तर पर शिक्षक विहीन शालाओं में 4, एकल शिक्षकीय में 3, दो शिक्षकीय में 2 और तीन शिक्षकीय में 1 अतिरिक्त शिक्षक की आवश्यकता होगी। इस मानक के अनुसार कुल 5 हजार 536 शिक्षकों की आवश्यकता बनती है, जबकि केवल 1 हजार 762 शिक्षक ही अतिशेष हैं।

### विभाग के अनुसार 1762 शिक्षक ही अतिशेष




### कई स्कूलों में शिक्षक और संसाधनों की कमी

शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, ताकि शिक्षक संसाधनों का अधिकतम और समान उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। प्रदेश में वर्तमान में 30 हजार 700 शासकीय प्राथमिक शालाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 है। वहीं 13 हजार 149 पूर्व माध्यमिक शालाओं में यह अनुपात 26.2 है, जो राष्ट्रीय औसत की तुलना में बेहतर स्थिति को दर्शाता है। इसके बावजूद कई विद्यालयों में शिक्षक संसाधनों की कमी देखने को मिल रही है।

### प्रायमरी में 60 छात्रों पर एक शिक्षक

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार, प्राथमिक शालाओं में 60 छात्रों तक 2 सहायक शिक्षक तथा प्रत्येक 30 अतिरिक्त छात्रों पर एक अतिरिक्त सहायक शिक्षक रखने का प्रावधान है। पूर्व माध्यमिक शालाओं में 105 छात्रों तक 3 शिक्षक और 1 प्रधान पाठक, तथा प्रत्येक 35 छात्रों पर एक अतिरिक्त शिक्षक नियुक्त किया जाना है। छत्तीसगढ़ में कई प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान पाठक के पद अधिनियम के लागू होने से पहले से स्वीकृत हैं, इसलिए शिक्षक गणना में इन पदों को भी सम्मिलित किया गया है। वर्ष 2008 के बाद प्रारंभ हुए विद्यालयों में प्रधान पाठक का पद स्वीकृत नहीं है।

### 6665 शालाओं में पांच या अधिक शिक्षक

राज्य में शिक्षकों की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद उनका वितरण असमान है। कुछ विद्यालयों में जहां शिक्षक नहीं हैं, वहीं अन्य विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। उदाहरण के लिए, लगभग 1 हजार 500 प्राथमिक शालाएं ऐसी हैं जहां 5 या उससे अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। इसी प्रकार 3 हजार 465 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 शिक्षक तथा 1 हजार 700 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। यह असंतुलन शिक्षा की गुणवत्ता में बाधक है, जिसे युक्तियुक्तकरण द्वारा सुधारा जा सकता है। उच्च माध्यमिक व हाई स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति विषय-वार सेटअप के अनुसार होती है, इस कारण वहाँ अतिशेष शिक्षकों की संख्या अपेक्षाकृत नगण्य है।

### *युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण नीति शिक्षा की गुणवत्ता गिरेगी- संजय*

*छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, युक्तियुक्तकरण की वर्तमान नीति में प्रायमरी, मिडिल व कामर्स के एक-एक शिक्षकों की संख्या सभी स्कूल में समाप्त की गई है। युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण नीति से शिक्षा विभाग में शिक्षा की गुणवत्ता गिरेगी। कम शिक्षक होने से कक्षा संचालन भी संभव नहीं, इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। नीति में सबसे बड़ी विसंगति तो यही है कि प्रत्येक शाला में एक-एक पद न्यूनतम छात्र संख्या पर कम किया गया है। साथ ही एक ही परिसर की शालाओं को सम्बद्ध करने कहा गया है, इससे शाला का प्रबंध कमजोर होगा और प्रधान पाठक पद को खत्म किया जा रहा है, इससे शिक्षकों की पदोन्नति नहीं होगी।*

### *कोई भी स्कूल बंद नहीं होगा*

*युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर यह स्पष्ट किया गया है कि यह किसी भी विद्यालय को बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित क्लस्टर विद्यालय अवधारणा के अनुरूप एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में केवल प्रशासनिक समन्वय होगा, न कि किसी विद्यालय या पद की समाप्ति। उदाहरण के लिए, यदि किसी परिसर में तीनों स्तर के विद्यालय हैं, तो प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का समायोजन उच्चतर विद्यालय परिसर में किया जाएगा, जिससे भविष्य में बेहतर अधोसंरचना और शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।*

## एक्सप्रेस-वे, स्काईवॉक भाजपा के भ्रष्टाचार के स्मारक के रूप में जनता के सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्वमंत्री राजेश मूणत कितनी भी गलत बयानी कर लें, रायपुर का एक्सप्रेस-वे, स्काईवॉक भाजपा के भ्रष्टाचार की स्मारक के रूप में छत्तीसगढ़ की जनता के सामने खड़ी है। तत्कालीन भाजपा सरकार के लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत ने बिना किसी आवश्यकता के रायपुर शहर में एक स्काई वॉक बनाने का प्रोजेक्ट अपने रसूख का प्रयोग करके पास करवा दिया, जिसकी कोई आवश्यकता ही नहीं थी। जनता ने भी स्काई वॉक निर्माण के प्रोजेक्ट को लेकर तत्कालीन सरकार का विरोध किया था।

उन्होंने कहा, भाजपा ने अपने 15 वर्ष के शासन काल में जिस प्रकार से शासकीय धन का दुर्विनियोजन किया, उसका एक बहुत छोटा सा उदाहरण स्काईवॉक प्रोजेक्ट है, जो दिन- प्रतिदिन रायपुर की जनता को उनके साथ हुये विश्वासघात, उपेक्षा और धोखाधड़ी की याद दिलाता है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार अधूरे स्काईवॉक पर पैसा खर्च करने के बजाय निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और शहर के भविष्य की मांग के अनुरूप फ्लाई ओवर बनाने पर योजना बनानी चाहिए। एक आदमी की जिद और अहंकार की संतुष्टि के लिए फिजूल का निर्माण कार्य कराया जा रहा।

### अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर सूरजपुर पूरे प्रदेश में अव्वल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2024-25 की अटल मॉनिटरिंग पोर्टल रैंकिंग में पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, प्रभावशीलता और पहुँच को दर्शाती है। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के निवारक, प्रोत्साहनात्मक और उपचारात्मक पक्षों का आकलन किया जाता है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक 29 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*मणिपुर, केरल, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों से आएंगे प्रतिनिधि*

*पर्यावरण संरक्षण और नवाचारों से युक्त होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम*

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक 29 से 31 मई तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम सभागार में आयोजित है। इस बैठक में मणिपुर, केरल, कर्नाटक सहित देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके साथ नेपाल से भी परिषद के कार्यकर्ता बैठक में भाग लेने रायपुर आ रहे हैं। इस मौके पर 7 विषयों पर प्रमुख रूप से चर्चा होगी। बैठक को नवाचार से युक्त और पर्यावरण अनुकूल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। परिषद के रायपुर महानगर मंत्री और प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रथम राव और विदिशा से संगठन मंत्री शालिनी ने शनिवार को संयुक्त रूप से इसकी जानकारी दी।

मीडिया से चर्चा में पदाधिकारी द्वय ने बताया कि यह संपूर्ण आयोजन जीरो प्लास्टिक उपयोग के सिद्धांत पर आधारित होगा। साथ ही सब्जियों के छिलके से कंपोस्ट खाद तैयार करने, मिलेट से रंगोली बनाने और गोबर ने मैनचेस्टर प्लेट तैयार किया जायेगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देशभर के परिदृश्य का प्रस्ताव शामिल रहेगा। आंतरिक सुरक्षा, नक्सलवाद की समस्या, कुलपति नियुक्त सहित अनय प्रमुख विषयों पर चर्चा की जायेगी। प्रथम राव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी का लक्ष्य इस बार देशभर में 1 करोड़ सदस्य बनाने का है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाहक मुकुंद सियार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन भी देंगे।

## प्रशिक्षु अधिकारियों ने किया सेंट्रल जेल का भ्रमण




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित प्रशिक्षु अधिकारियों ने शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण कर कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इनमें 9 डिप्टी कलेक्टर, 6 राज्य कर सहायक आयुक्त, 9 सहायक आयुक्त सहकारिता, 5 जिला आबकारी अधिकारी सहित कुल 29 प्रशिक्षणरत अधिकारी शामिल थे। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण के अंतर्गत इन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य के कारागार तंत्र, अपराध नियंत्रण और न्याय प्रणाली और बंदी पुर्नवास की व्यावहारिक जानकारी दी गई, ताकि वे प्रशासनिक सेवाओं के दौरान इन महत्वपूर्ण विषयों को गहराई से समझ सकें। भ्रमण के दौरान सहायक जेल महानिरीक्षक अमित शांडिल्य द्वारा जेल प्रशासन की संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के अधिकार, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों ने किया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम और 'ऑपरेशन सिंदूर' की वीरगाथा को जनमानस से जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। जशपुर जिले के दुलदुला तहसील के चराईडांड़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में हजारों नागरिकों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री साय ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया और 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्र की एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर राष्ट्रीय संकल्प को जनआंदोलन में बदला।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर में मिनी स्टेडियम से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। लखीराम ऑडिटोरियम तक निकली इस यात्रा में सांसद, महापौर, अधिकारी और जनसामान्य की उल्लेखनीय भागीदारी रही। सुकमा जिले के चिंगावरम में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। इस आयोजन में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और स्पष्ट किया कि अब बस्तर आतंक से नहीं, आत्मबल से पहचाना जाएगा।

### राजनांदगांव में डा. रमन हुए शामिल



राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह स्वयं ग्राम भर्रेगांव और शहर में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारत की ताकत का जीवंत उदाहरण है। आम नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लेकर सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि दी। रायगढ़ जिला मुख्यालय में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के नेतृत्व में निकली यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया। कोरबा में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में घंटाघर चौक से निकली यात्रा में महापौर, कलेक्टर और एसपी सहित हजारों लोगों की भागीदारी रही। महासमुंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी और विधायक योगेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में यात्रा गांधी चौक से हाई स्कूल मैदान तक संपन्न हुई। कवर्धा जिले में गांव-गांव तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें सरपंच, शिक्षक, युवा मंडल और आम नागरिकों ने मिलकर सेना के प्रति सम्मान प्रकट किया। यह आयोजन जनजागृति का सशक्त मंच बना। बालोद जिला मुख्यालय में वल्लभ भाई पटेल मैदान से निकली यात्रा पुष्प वर्षा और भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान रही। दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही, अर्जुंदा जैसे निकायों में भी समान उत्साह देखा गया। कोण्डागांव में विधायक लता उसेंडी और कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना की उपस्थिति में पलारी गांव और नगर क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। सरगुजा में विधायक राजेश अग्रवाल और कलेक्टर विलास भोसकर की उपस्थिति में भव्य यात्रा निकाली गई।

## छत्तीसगढ़ के पंप अब कभी सूखेंगे नहीं, आपूर्ति सुगम बनाने एचपीसीएल ने लाया प्रोजेक्ट

# पाइपलाइन के जरिए बहुत कम समय में ओडिशा से रायपुर पहुंचेगा पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पेट्रोल पंपों में अब कभी भी पेट्रोल की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। इससे उपभोक्ताओं को भी पेट्रोल पंपों से बैरंग लौटना नहीं पड़ेगा। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) पेट्रोल आपूर्ति और वितरण को सुगम बनाने के लिए विशाख रायपुर पेट्रोल पाइप लाइन प्रोजेक्ट लाया है।

इस प्रोजेक्ट के तहत ओडिशा के काटाभांजी से छत्तीसगढ़ रायपुर तक 540 किलोमीटर की लंबी भूमिगत पाइप लाइन बिछाई जाएगी, जिसके माध्यम से पेट्रोल बहुत कम समय में कंपनी के डिपो तक पहुंचेगा, जिससे प्रदेश के पेट्रोल पंपों में इसकी आपूर्ति जल्द हो पाएगी।





### 2212 करोड़ का प्रोजेक्ट, छत्तीसगढ़ में 95 किलोमीटर की पाइपलाइन

एचपीसीएल का यह प्रोजेक्ट 2212 करोड़ रुपए का है। इस प्रोजेक्ट के तहत छत्तीसगढ़ में 95 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। यह पाइप लाइन महासमुंद जिले के कोमाखान से शुरू होकर नवा रायपुर होकर मंदिर हसौद क्षेत्र के ग्राम परवोन तक बिछाई जाएगी।



### महानदी से गुजरेगी पाइपलाइन

इस प्रोजेक्ट के तहत बिछाई जाने वाली पाइप लाइन 54 गांवों के अलावा महानदी को भी क्रास करेगी। यानी पाइप लाइन महासमुंद-रायपुर के बीच महानदी से भी गुजरेगी।

### *54 गांवों से होकर पहुंचेगी पाइप लाइन*

*इस प्रोजेक्ट के तहत कोमाखान से मंदिर हसौद स्थित गांव तक पाइप लाइन बिछाने में करीब 54 गांव प्रभावित हो रहे हैं, या यू कहें कि 54 गांव से होकर पाइप लाइन रायपुर पहुंचेगी। इनमें 38 गांव महासमुंद जिले के तथा 16 गांव रायपुर जिले के हैं। सूत्रों के अनुसार पाइप लाइन बिछाने के लिए प्रभावित होने वाले सभी गांवों को नोटिस के रूप में सूचना दी जाएगी तथा जिस भी परिवार या किसान की जितनी जमीन प्रभावित होगी, उसका मुआवजा का भुगतान उस क्षेत्र की सरकारी जमीन की दर के अनुसार किया जाएगा।*

### *प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़-ओडिशा के उपभोक्ताओं को मिलेगी सुविधा*

*एचपीसीएस के इस प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़ और ओडिशा के उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी। कंपनी अभी तक टैंकर वाहन के माध्यम से पेट्रोल की सप्लाई डिपो तक करती है। इसमें कई घंटे लग जाते हैं, जिसके कारण पेट्रोल पंपों में आपूर्ति करने में भी देर होती है। इसके अलावा भी कई कारण हैं, जिससे डिपो तथा पेट्रोल पंपों में आपूर्ति प्रभावित होने से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से डिपो और पंपों में कम समय में आपूर्ति होगी, जिससे उपभोक्ताओं को पंपों में पेट्रोल नहीं मिलने की परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी।*

### जायसवाल बने रायगढ़ जिला कांग्रेस प्रभारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रायगढ़ जिले के लिए संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल को शहर जिला कांग्रेस कमेटी, रायगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जारी इस आदेश में कहा गया है कि श्री जायसवाल जिले में संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी निभाएंगे। साथ ही उन्हें जिला, नगर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, स्थानीय पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं से समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि वे समय-समय पर रायगढ़ जिले की संगठनात्मक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपते रहेंगे।

**खबर संक्षेप**




## तिरंगा यात्रा में शामिल हुए जनपद सदस्य

**नर्रा।** ग्राम पंचायत परसूली में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की मौत के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को कड़ी सबक सिखाई। भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायतों व गांवों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जनपद सदस्य लोचन पटेल, सरपंच जलसिंह चक्रधारी, पंच सोनकुंवर चक्रधारी, कैलाश पटेल, हरक पांडे, पूर्व उपसरपंच भोजराम, परमेश्वर पटेल, राजेंद्र चक्रधारी, भाजपा नेता देवेंद्र चक्रधारी, सचिव सुनीता सोनवानी, रोजगार सहायक हेमकुमार सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खगेश्वरी कुर्रे और ईश्वरी ठाकुर, मितानिन ऐशन पटेल समेत ग्रामीणजन शामिल हुए।

## ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में निकाला तिरंगा रैली

**रायपुर।** ग्राम छतौना में शनिवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया था जिसमें ग्राम सरपंच भोजराज यदु, उपसरपंच नयन यादवख, जनपद सदस्य दिवाकर जांगड़े, पंच सुनील, मोंगरा, अमरिका ,युवराज, सचिव लोकनाथ साहू , दीपक, ग्राम संगठन महिला समूह छतौना एवं समस्त ग्रामवासी छतौना के द्वारा देश के सैनिकों के सम्मान में ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में तिरंगा रैली निकाला गया।

## मकान के लिए भटक रही वृद्धा, धोबी समाज ने लिया संज्ञान

**रायपुर।** शनि मंदिर चक्रधर नगर की वृद्ध महिला मकान के लिए दर-दर भटक रही है। तपती धूप में वह कपड़े की छाया बनाकर रह रही है। सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने इस मामले पर संज्ञान लिया और मुख्यमंत्री कार्यालय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह को आग्रह करते हुए सोशल मीडिया में ही फॉरवर्ड किया। साथ ही रायगढ़ के जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार सोन को तत्काल पहुंचकर समाजजनों के साथ इन जनप्रतिनिधियों को वृद्ध महिला को साथ ले जाकर आवास दिलाने आग्रह करने के लिए कहा।

## भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस को सलाम

**मगरलोड।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर निर्दोष हिंदुओं की हत्या की गई। इस कृत्य से पूरे देश में पाकिस्तान के प्रति आक्रोश है। भाजपा मंडल मगरलोड के पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यदु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर अभियान के तहत भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के 9 आतंकी स्थलों को मिसाइल से तबाह कर दिया गया।

**कार्यशाला : अहिल्याबाई होल्कर ने 3175 धार्मिक स्थलों का कराया जीर्णोद्धार, सनातन संस्कृति को दी मजबूती**

# भाटापारा में हुई अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति कार्यशाला, लोकमाता के कार्यों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

गोविन्द सारंग स्मृति परिसर भाजपा कार्यालय भाटापारा में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद रुपकुमारी चौधरी, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के औरंगाबाद में हुआ था। उन्होंने अपने शासनकाल में काशी, अयोध्या और केदारनाथ सहित पूरे भारत में 3175 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कराया। वह परम शिवभक्त थीं। मात्र 10 वर्ष की आयु में मल्हार राव होल्कर के पुत्र से उनका विवाह हुआ। पति और पुत्र के निधन के बाद अहिल्याबाई ने राज्य को न केवल संभाला बल्कि समृद्ध भी बनाया। उन्होंने गरीब बेटियों की शादी करवाई। भोजनालय और तालाब का निर्माण कराया। जनकल्याण के अनेक कार्य दान के माध्यम से संपन्न कराए।

उक्त कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक द्वय प्रमोद शर्मा, सनम जांगड़े, महामंत्री राकेश तिवारी, भाजपा नेता अनिल पाण्डेय, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, जिला पंचायत आकांक्षा जायसवाल, महिला आयोग सदस्य लक्ष्मी वर्मा, जनपद अध्यक्ष द्वय सुलोचना यादव, सविता अनंत, केजूराम बघेल, हेम सिंह चौहान, कृष्णा अवस्थी, सहित पाचो मंडल अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।






**मील की पत्थर रहा अहिल्याबाई का शासनकाल : सांसद**

कार्यशाला को सांसद रुपकुमारी चौधरी ने भी सम्बोधित कर बताया कि 26 वर्षों के शासनकाल में अहिल्याबाई ने राज-व्यवस्था, न्याय और सुशासन को एक मील की पत्थर की तरह स्थापित किया अहिल्यादेवी के शासनकाल में कभी अकाल नहीं पड़ा। आज 300 वर्ष के बाद हमें पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर के बारे में जानने का अवसर मिला है, यह पार्टी कार्यकर्ताओं के नाते हमारे लिए और सभी परिवारों के लिए सौभाग्य का विषय है।

**काशी तक सीमित नहीं रहीं लोकमाता : शिवरतन शर्मा**

सम्बोधन की कड़ी में शिवरतन शर्मा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित कर कहा कहा कि अहिल्याबाई ने "धर्म रक्षति रक्षितः" के वैदिक उद्घोष को न केवल जिया, बल्कि उसे मूर्त रूप भी दिया । अहिल्याबाई होल्कर को धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि वे भारतीय सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थीं. जब देश विदेशी आक्रांताओं से त्रस्त था, मंदिर विध्वंस किए जा रहे थे, तब अहिल्याबाई ने बिना भय के, बिना किसी राजनीतिक समर्थन के, उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का कार्य अपने हाथों में लिया था. हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश और सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए पूरे मनोयोग से समर्पित हो जाना चाहिए. उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम् तक तीर्थस्थलों का पुनरुद्धार कराया, वह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई केवल काशी तक सीमित नहीं रहीं. उन्होंने केदारनाथ धाम, रामेश्वरम्, सोमनाथ, हरिद्वार, महिष्मति और देश के अनेक तीर्थस्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य किया. उन्होंने नदियों, घाटों, कुओं और बावड़ियों का निर्माण करवाया ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिले और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनीं रहे। भाजपा की डबल इंजन सरकार देश में नारी शक्ति के सम्मान और उनके स्वालंबन की कई योजनाओं का संचालन कर रही है।

## अंबुजा विद्यापीठ सीबीएसई का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदा बाजार

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE), नई दिल्ली द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अंबुजा विद्यापीठ, रावन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं के कुल 111 परीक्षार्थियों में से 58 विद्यार्थियों को डिस्टिंक्शन, 40 को प्रथम श्रेणी एवं 6 विद्यार्थियों को द्वितीय श्रेणी प्राप्त हुई।

मानविकी संकाय में प्रथम दिशा अग्रवाल - 96.2%, द्वितीय सुहानी दरसेना 89%, तृतीय माही जैन 87%, वाणिज्य संकाय में प्रथम चहक जैन - 93.2%, द्वितीय गुंजन मंधानी 93%, तृतीय पलक जैन 90.4%, विज्ञान संकाय में प्रथम पार्थ अग्रवाल 91.6%, द्वितीय रचीत मुंदड़ा 88.8%, तृतीय श्रेया वर्मा 88.2%, कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में 90 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन, 19 ने प्रथम श्रेणी एवं 5 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। टॉप 3 छात्र-छात्राएं कक्षा 10वीं में प्रथम काव्या जैन 98.6%, द्वितीय हर्ष कुमार वर्मा 98.4%, तृतीय अनन्या अग्रवाल 97.6% रहा। इस उपलब्धि पर अंबुजा सीमेंट इकाई प्रमुख एवं अंबुजा विद्यापीठ रावन के अध्यक्ष एसआर तिर्की, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पांडेय, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पालकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन, 31.38 करोड़ का हुआ हस्तांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- बलौदाबाजार-भाटापारा जिला बना प्रदेश में अग्रणी
- पीएम किसान सम्मान निधि योजना में सर्वाधिक किसान लाभान्वित

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिला प्रदेशभर में अग्रणी स्थान पर है। जिले में इस योजना से सर्वाधिक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। योजना की 19वीं किश्त में जिले के 1,34,269 किसानों के बैंक खातों में कुल 31.38 करोड़ रुपये की राशि का हस्तांतरण किया गया है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र भूमिधारक कृषक परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जो तीन किश्तों में प्रत्येक चार माह में 2,000 रुपये की राशि के रूप में दी जाती है।



**फार्मर रजिस्ट्री में पंजीयन आवश्यक**

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने जानकारी दी कि इस योजना के अंतर्गत वही किसान परिवार पात्र होते हैं जिनके नाम पर कृषि भूमि दर्ज हो एवं उस पर वास्तविक रूप से खेती की जाती हो। प्रत्येक परिवार से एक सदस्य योजना का लाभ ले सकता है। इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री में पंजीयन आवश्यक है। पंजीयन हेतु पीएम किसान स्वघोषणा पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बी-1, ऋण पुस्तिका की प्रति, आधार लिंक मोबाइल नंबर तथा डीबीटी सक्रिय बैंक पासबुक की प्रति आवश्यक दस्तावेजों में शामिल हैं। किसान स्वयं या ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से पीएम किसान पोर्टल पर पंजीयन कर सकते हैं। पंजीकरण उपरांत सभी दस्तावेजों को 7 दिवस के भीतर संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पास जमा करना अनिवार्य होगा।

**किसानों को दी जा रही है योजना की विस्तृत जानकारी**

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर पीएम किसान सैचुरेशन कैंपेन तथा सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविरों के माध्यम से किसानों को योजना की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। विकासखंड कार्यालय एवं मैदानी अमले द्वारा किसानों को आधार लिंक बैंक खाते में राशि प्राप्त होने, पंजीयन की स्थिति, ई-केवाईसी, भूमि विवरण, बैंक आधार सिडिंग तथा नवीन पंजीयन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया जा रहा है। डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) सक्रिय न होने की स्थिति में किसानों को बैंक शाखा या डाकघर में डीबीटी सक्रिय कराने अथवा नया खाता खुलवाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

## शिवसेना ने अवैध कब्जे व वृक्षों की कटाई को लेकर जिला वन मंडल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हथबंध

- अवैध पेड़ कटाई और भूमि कब्जा करने के खिलाफ त्वरित जांच और कार्रवाई की अपील की

शिवसेना बलौदाबाजार-भाटापारा जिला ईकाई ने जिला वन मंडल अधिकारी गढ़वीर धर्मशील को एक ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद ने पत्रकारों से चर्चा दौरान बताया कि जिले के सिमगा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत लावर में वन मंडल की जमीन पर स्थित सैकड़ों करन, बबूल वृक्षों की अवैध कटाई करके उस भूमि को 15 - 20 लोगों द्वारा कब्जा कर मकान बना लिये है।

सुहेला तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत फुलवारी में भी करीब 40 एकड़ जमीन पर लगे सैकड़ों कौहा पेड़ों की कटाई की गई है जहां पर दर्जनों लोगों ने खेत बनाकर फसल लगा रहे हैं। इससे शासन प्रशासन को ताक पर रखकर राजस्व क्षति पहुंचाया गया है। इस पर जांच कर त्वरित कार्रवाई की मांग कहीं गई है। ज्ञापन सौंपते समय प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद के साथ जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, सचिव इंद्रजीत साहू, सहसचिव कामता प्रसाद निर्मलकर, उपाध्यक्ष हीरामणी यदु, भाटापारा विधानसभा उपाध्यक्ष सनत देवांगन, भानु नेताम, पंकज यादव, दिग्विजय साहू, डोमन साहू, परमेश्वर ध्रुव आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।

**पेज 9 के शेष**

### जर्जर पुल बना ...

आननफानन में सड़क की मलहम पट्टी लगा दिया जाता है और दो -चार दिनों में ही सड़क उखडने लग जाता है। महकम -सोनाखान पहुंच मार्ग पर दोनों तरफ से स्टापर लगाकर बंद कर दिया गया है।

### समस्याओं और शिकायतों ...

नाबालिकों को शराब न देने और शराब कोचिया लोगों को कम उम्र बच्चों को अवैध शराब बिक्री के कार्यों में न लगाने की मांग की गई। वहीं राजस्व विभाग में शासकीय जमीन को सुरक्षित कर भू माफिया से सुरक्षित करने की मांग ग्राम पंचायत केशला और खरोरा के लोगों ने की। इस अवसर पर मुख्य रुप से रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, उपाध्यक्ष सुमित सेन आधिकारी गण में मुख्य रूप से जिला अपर कलेक्टर निधि साहू, एसडीएम आशुतोष देवांगन, तहसीलदार शेखर मंड़ई, आलोक वर्मा सहित सभी विभाग के अधिकारि उपस्थित रहे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह सुशासन तिहार इसलिए चलाया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति अगर किसी भी योजना पात्र होते हुए भी वंचित है तो हमें उनके घर द्वार तक पहुंच कर उस कमी को दूर करके पात्र योजना का लाभ दिलाना है। इस तिहार में जितने भी आवेदन आए है जिसका त्वरित निराकरण किया जा रहा है आपके गांव में आपके द्वार पर आपकी समस्या दूर हो रही है।

### तीन घरों में ...

मामला दर्ज किया गया। दूसरा प्रकरण में उसी रात हसुवा के ही केसर साहू के घर में भी चोरी हुई। चोरों ने सोने-चांदी के जेवर और ₹61,000 नगदी पर हाथ साफ किया। इस संबंध में अपराध क्रमांक 92/2025, धारा 331(4), 305(A), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। तीसरा प्रकरण में ग्राम घटमडवा निवासी संतोष वर्मा के घर में 10 मई की शाम से 12 मई की रात के बीच चोरी की वारदात हुई। आरोपी अलमारी से सोने-चांदी के जेवर और 15,000 नगद चोरी कर ले गए। इस मामले में अपराध क्रमांक 111/2025 दर्ज किया गया।

### ई-साक्ष्य व...

नवीन प्रावधानों के अंतर्गत आपराधिक मामलों की विवेचना में डिजिटल माध्यम से साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया को सशक्त बनाना था। ई-साक्ष्य मोबाइल ऐप का उपयोग कर अपराध से संबंधित फोटो, वीडियो और अन्य डिजिटल साक्ष्य सीधे प्रणाली में सुरक्षित किए जा सकते हैं। वहीं IO-मितान ऐप के माध्यम से घटनास्थल का निरीक्षण कर उसका विवरण और प्रमाण संकलित किया जा सकता है। पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देश पर आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रधान आरक्षक विनोद सिंह सहित अन्य विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा जिले के अलग-अलग अनुविभागों में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया को तकनीकी रूप से मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने सभी विवेचकों को प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का व्यवहारिक उपयोग कर बेहतर और प्रभावी विवेचना सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक ने सफल आयोजन हेतु समस्त प्रशिक्षण टीम को बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस नवाचार से जिले की पुलिसिंग को नई दिशा मिलेगी।

### सुशासन तिहार समर ...

एजुकेशन, फिटनेस एंड लीज़र स्किल काउंसिल द्वारा काउंसिल फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट के सहयोग से किया जा रहा है। सीईओ एवं सलाहकार डॉ. मयूर गुप्ता और तहसीन जाहिद के नेतृत्व में यह कार्यक्रम प्रभावी रूप से संचालित हो रहा है। साथ ही गगनदीप ओबेरॉय और सुश्री सुप्रिया कुकरती की सक्रिय भूमिका भी सराहनीय रही है। इस अभिनव पहल से ग्रामीण युवाओं को जीवन उपयोगी कौशलों से सशक्त करने की दिशा में जिला प्रशासन की यह पहल एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुहेला

- भारत माता की जय' और 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारों से गुंजा गांव

भारत की सेना द्वारा हाल ही में पाकिस्तान में चल रहे आतंकवादी अड्डों के विरुद्ध की गई सशक्त कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्रामवासियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस अभियान के तहत सेना ने आतंकवाद को करारा जवाब देते हुए सीमापार आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया। देश की रक्षा में सेना के अदम्य साहस और शौर्य को सम्मानित करने एवं आम जनमानस में देशभक्ति की भावना को और सशक्त करने हेतु ग्राम में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ ग्राम के महामाया चौक से सुबह 10 बजे हुआ। 'भारत माता की जय' और 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारों से समूचा वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। हाथों में तिरंगा लिए युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग पूरे श और उल्लास के साथ यात्रा में सम्मिलित हुए। यात्रा ग्राम की प्रमुख गलियों से होती हुई टिगड्डा चौंक तक पहुंची। जगह-जगह पर ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य न केवल सेना के शौर्य को सम्मान देना था, बल्कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को जाग्रत करना भी था। ग्राम के सामाजिक संगठनों, युवाओं की टीमों और महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया ।





**ऑपरेशन सिंदूर देश की अस्मिता की रक्षा का प्रतीकः ग्राम प्रमुख**

गांव के एक ग्राम प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि देश की अस्मिता की रक्षा का प्रतीक है। हमारी सेना ने जिस बहादुरी से दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया, वह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। तिरंगा यात्रा ने ग्राम में देशभक्ति का ऐसा माहौल बना दिया जो लंबे समय तक लोगों के दिलों में गूंजता रहेगा। यह आयोजन न सिर्फ सेना के पराक्रम का सम्मान था, बल्कि यह संदेश भी था कि पूरा देश आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट है।

## खबर संक्षेप

### सावित्रीपुर के स्कूल में तोड़फोड़, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम सावित्रीपुर के शाउमा विद्यालय में रखे सामानों को तोड़फोड़ करने के मामले में प्रभारी प्राचार्य ने सांकरा थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सावित्रीपुर स्कल के प्रभारी प्राचार्य प्रसाद सिदार ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वर्तमान में स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है। 17 मई को स्कूल स्टाफ, जनप्रतिनिधि, समिति एवं विद्यार्थियों के द्वारा तिरंगा यात्रा निकालना था, जिसके लिए वह और अन्य टीचर स्टाफ स्कूल पहुंचे तो देखा कि स्कूल का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर मिडिल स्कूल के हाल एवं कक्षा में रखे 10 नग कुर्सी, 05 नग सीसीटीवी कैमरा, 1 नग प्रोजेक्टर, 3 नग पंखे, इलेक्ट्रिक बोर्ड तथा आलमारी में रखे स्टेशनरी सामान को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नुकसान पहुंचाया गया है, जिससे करीबन 80,000 रुपए की क्षति हुई है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 324(3), 324(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिय गया है।

### राष्ट्रीय कूडो चैंपियनशिप कप में जिले के 3 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

महासमुंद। 16 से 21 मई तक पुणे बॉयज मिलिट्री स्कूल पुलगांव में आयोजित होने वाली तृतीय राष्ट्रीय कूडो चैंपियनशिप कप में जिले के 3 खिलाड़ी भाग लेंगे। महासमुंद से महिला वर्ग 240 में मीरा पंडा, पुरुष वर्ग में 260 में उपेंद्र प्रधान, 240 वर्ग में राकेश साहू छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए मेडल के लिए दावेदारी करेंगे। छत्तीसगढ़ से 62 खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लिया है। महासमुंद के जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार धृतलहरे ने बताया कि महासमुंद जिले में निरंतर कूडो खेल में खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर राज्य को मेडल दिलाकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इस खेल में खिलाड़ियों को दक्ष बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण द्वारा भी समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। यह खेल भारत सरकार से मान्यता प्राप्त खेल है। साथ ही खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन में भी शामिल हैं। जिससे राज्य सरकार भी विजेता खिलाड़ियों को नकद राशि से सम्मानित करती है।

### लंबर में निकाली गई तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा

**सरायपाली।** ग्राम पंचायत लंबर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वीर जवानों के शौर्य एवं पराक्रम को नमन करते हुए तथा भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने एवं देशवासियों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए एक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत लंबर के सभी पदाधिकारीगण एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ ग्राम पंचायत की सरपंच मदन लाल चौरसिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा के दौरान देशभक्ति से ओत-प्रोत नारे और गीतों की गूंज में समूचे ग्राम को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा के पश्चात समापन समारोह में ग्राम पंचायत लंबर के सचिव कलाराम कश्यप ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी साझा की और भारतीय सेना के वीरता की सराहना की।

## यात्रा : नवापारा हथबंद मंडल के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

# सीमा पर शौर्य, देश के लिए वफादारी भारतीय सेना की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा हथबंद

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के सफल अभियान से सेना की बहादुरी और जज्बे को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने शनिवार को नवापारा हथबंद मंडल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत हथबंद में स्कूल परिसर से बाजार चौक होते हुए भारत माता चौक से सायं 4 बजे मंडल स्तरी तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा भारत माता की जय हिंदुस्तान जिंदाबाद के साथ शुरू हुई और हाई स्कूल परिसर में सम्पन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र, पूर्व सैनिक, शिक्षक अधिकारी और मीडिया,आम नागरिकों ने भाग लिया कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा , शिक्षक त्रिवेदी सर, डॉ. उत्तम कुमार विश्वाश, संदीप शुक्ला, पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन धिगड़े, सहित सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे, जनपद सदस्य अंजू पटेल ने कहा कि भारत हमेशा शांति और विकास के पथ पर चलने वाला देश है लेकिन जब-जब हम पर विदेशी आक्रमण हुआ है, हमारी सेना ने डटकर मुकबला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत का संकल्प वाला भारत है जो किसी भी आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। पाकिस्तान को कायराना हरकत लगातार जारी है जिसका माकूल जवाब दिया जा रहा है। पाकिस्तान आतंकवादियों का पनाहगार एवं पोषक हैं। उसके भेजें आतंकियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हमारे 26 निर्दोष पर्यटकों की जान ले लिया। जिसके विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी। जिसमें हमारी सेना ने विना पाकिस्तान के अंदर घुसे उसके 100 आतंकवादियों को जहन्नुम पहुंचाया और सैन्य ठिकाने तबाह किये। उन्होंने कहा कि हम अभी केवल युद्ध विराम किये है जरूरत पड़ी तो युद्ध शुरू भी हो सकता है, जिसके लिए पूरा देश एक जुट है। ऑपरेशन सिंदूर हमारे बीर सेना के अदम्य साहस और शीयं का परिचय है। उनके चीरता के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं। हथबंद सरपंच ढालेश्वरीनरेश अनंत , अंजू बबलू पटेल, प्रकाश पाल,धन्ना निषाद, जीतू यादव,धनीराम रजक, मुलचंद टंडन पंच, संतराम ध्रुव, भूपेंद्र पाल,विमल वर्मा ,विजय निषाद ने कहा कि पाकिस्तान की शह पर देश में आतंकवादी घटना होते रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद से निपटने सेना को खुली छूट दे रखी है। जिससे सेना तत्काल जयाय कार्रवाई करती है।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कारण वर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे, जनपद सदस्य अंजू पटेल, सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत, सचिव कमल किशोर साहू, शिक्षक त्रिवेदी सर,संदीप शुक्ला, प्रकाश पाल, भावेश साहू,धन्ना निषाद, जीतू यादव, अवधराम ध्रुव, संतूराम देवदास धनी राम रजक,जीवन साहू जनपद प्रतिनिधि खिलोरा, ईश्वरी, सरपंच प्रतिनिधि शकरी दिनेश वर्मा, नवापारा हथबंद मंडल के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व महिला समूह से जानकी बंजारे ,मीना चतुरे, सविता बांधे पंच,आदि महिला समूह सदस्य,स्कूल के बच्चे सहित ग्रामीण जन स्काउट गाइड, सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में सेना का रहा ऐतिहासिक योगदान

भारत की सेना ने अपिरशन सिंदूर चलाकर इरादे स्पष्ट कर दिया है। भारत की सेना अपने कर्तव्य विपरीत परिस्थिति में भी निभाकर देश की रक्षा करती हैं। ऐसे सैनिकों को सम्मान देने के लिए पूरे देश में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षक त्रिवेदी सर ने भारत-पाक युद्ध के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में सेना के योगदान को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने बताया कि मंडल स्तरी के अलावा सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में जिला मुख्यालय प्रदेश स्तर में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

## खरोरा में निकली गई तिरंगा यात्रा जवानों को किया नमन

**खरोरा।** पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस साहस, शौर्य और पराक्रम से पाकिस्तान को नाकों चने चबवाया, उससे पूरे देश में जबरदस्त उत्साह का माहौल है।

सेना की इस सफलता पर गनगर पंचायत खरोरा सहित अंचल के कई गांव में तिरंगा यात्रा निकाली गई। खरोरा में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल,जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वक्ताओं व लोगों ने सेना को सलाम करते हुए कहा कि हमारे सैनिकों ने ब्रह्मोस मिसाइल से पाकिस्तान को जिस प्रकार तहस-नहस किया है उसे वह जीवन भर याद रखेगा। रैलियों में राइस मिल अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुमित सेन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरीलालसिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, गुलाब टिकरीया, पार्षदगण, भाजपा मंडल अध्यक्ष ओर कार्यकर्ता, तोरण ठाकुर,विकास ठाकुर, राहुल मरकाम, जयप्रकाश वर्मा, तेजराम पाल व अन्य लोग मौजूद रहे।




## लवन में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा




**लवन।** भारतीय सेनाओं के रणबांकुरों के पराक्रम व शौर्य से ऑप्रेशन सिन्दूर को मिली सफलता के बाद हिन्द की सेना के सम्मान में शनिवार को नगर लवन में बीजेपी द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंग यात्रा नगर पंचायत से शुरू हुई और हॉस्पिटल, बिजली विभाग, तहसील, थाना से होते हुए मेन रोड, अहिल्दा मोड़, बस स्टैंड से साप्ताहिक बाजार, महामाया मंदिर, सदर लाइन, राम मंदिर, कीर्तन चौक होते हुए वापस नगर पंचायत आंबेडकर चौक में इसका समापन हुआ। तिरंगा यात्रा को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं के अलावा महिलाओं में भी उत्साह नजर आया। इस तिरंगा यात्रा से पूरा नगर देश प्रेम के रंग में रंगता दिखाई दिया। 'भारत माता की जय' हिन्दुस्तान जिन्दाबाद, भारतीय सेना जिन्दाबाद' के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। तिरंगा यात्रा में मुख्य नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल चौहान,भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेई,विजय यदु, नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, हरप्रसाद बार्वे, अयोध्या जयसवाल, ओम प्रकाश साहू,भारत भूषण साहू,नंद कुमार वर्मा,केशव मिश्रा,चूड़ामणि सिंघम, पंकज अग्रवाल सोमेंद्र बर्वे सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे वहीं महिला संगठन के दीपा गायकवाड़, रंजिता निराला, सुनीता बार्वे, सबिता निराला, अंजू बार्वे, कामता बर्वे, मुन्नी बंजारे, रम्भा लहरें, दुबराज रत्नाकर, लता बंजारे, आंबा रत्नाकर, बिशनोबाई बर्वे, रजनी, बोधनीबाई कतरे, सुमित्रा बर्वे, यशवंतिन रत्नाकर, जग बाई रत्नाकर, दरस बाई, रेशमी बार्वे, मुक्ति लहरे का विशेष योगदान रहा। भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपाई एवं नगर पंचायत अध्यक्ष शिव मंगल चौहान ने कहा कि यह नया भारत अब आतंकी गतिविधियों को एक प्रतिशत भी नहीं सहेगा। आज हमारी भारतीय सेनाएं हर मोर्चे पर अपने दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए सशक्त हैं।

## भरुवाडडीह कला में रैली के माध्यम से दिया देशभक्ति का संदेश

**खरोरा।** ग्राम पंचायत भरुवाडडीह कला में रविवार को राष्ट्रभक्ति और जनजागरूकता से ओतप्रोत ऑपरेशन सिंदूर रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य ग्रामीणों में राष्ट्रीय सुरक्षा, सैनिकों के बलिदान तथा देश की एकता और अखंडता के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। रैली का शुभारंभ ग्राम पंचायत की माननीय सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की इस प्रकार की रैलियां युवाओं को देशप्रेम और जिम्मेदारी की भावना से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। हमें गर्व है कि हमारे गाँव से ऐसी पहल की जा रही है। इस अवसर पर पंचायत के उप सरपंच भागदास चतुर्वेदी ने भी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा की ऑपरेशन सिंदूर केवल एक रैली नहीं, बल्कि यह एक संदेश है कि हम सब भारत माता के सच्चे सिपाही हैं। शिक्षक श्री धीरेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को देशभक्ति से प्रेरित करते हुए कहा की हमें अपने सैनिकों के बलिदान को समझना होगा और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना होगा। ऐसे आयोजन हमारे बच्चों को सही दिशा प्रदान करते हैं। रैली में भारी संख्या में ग्रामीण, महिला मंडल, छात्र-छात्राएँ और युवाओं ने भाग लिया। पूरे गांव में देशभक्ति के नारों भारत माता की जय, /"वंदे मातरम्, और जय हिंद – जय भारत की गूंज रही।



### तिरंगा यात्रा में लोगों में दिखा सेना के सम्मान में दिखा जोश

**सिमगा।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर शनिवार को नगरपालिका कार्यालय से तिरंगा यात्रा निकाला गया। उक्त यात्रा में नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया व सेना के रिटायर जवान नीलेश तम्बोली एवं पार्षदों ने हाथों में तिरंगा लेकर लहराते हुए भारत माता की जय भारतीय सेना जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के गगन भेदी नारों एवं डीजे के देशभक्ति गीतों के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई । तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।




### शान से निकाली गई तिरंगा यात्रा

भवानीपुर। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आतंक के विरुद्ध भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत मिली शानदार सफलता व सूझबूझ के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए शनिवार को विकासखण्ड पालरी के ग्राम पंचायत भवानीपुर में मनरेगा मजदूरों व पंचायत प्रतिनिधियो ने मनरेगा कार्य स्थल से तिरंगा यात्रा निकाली।





### भरूवाड़ीह में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

**अर्जुनी ।** देश की सैन्य शक्ति के पराक्रम और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत प्रोत ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता के पश्चात भारतीय सेना के पराक्रम को प्रदर्शित करते हुए ग्राम पंचायत भरुवाडीह के पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत भवन से लेकर स्कूल तक भारत देश के तीनों सेना थल सेना वायु सेवा और नौसेना के अद्भूति सौर्य और बलिदान को सम्मानित करते हुए भारत माता की जय घोष एवं अमर शहीदों को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा निकाला गया।विदित हो कि भारतीय सेना द्वारा हाल ही में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर की अदभुत्व सफलता को समर्पित करने एवं सेना ने जम्मू कश्मीर में आतंकी ठिकाने पर बड़ी कार्यवाही करते हुए उनके ही घर में घुसकर आतंकियों को ढेर कर देश की सुरक्षा को और सुदृढ़ किया हमारे देश के तीनों सेना के जवानों को नमन करते उनके हौसले बढ़ाने भारत के तीनों सैन्य शक्तियों के अद्भुत पराक्रम को सम्मान देने के उद्देश्य से भारत माता की जय जयकारा ऑपरेशन सिंदूर जिंदाबाद वीर शहीद अमर रहे की जय घोष करते उत्साह एवं शांतिपूर्ण वातावरण में रैली निकाली गई।

- सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को देशवासियों का सलाम

### गर्व से भर देती है ऑपरेशन सिंदूर जैसी सफलताः सरपंच

सरपंच नरेंद्र कश्यप पंच प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि भारतीय सेना के अद्वितीय साहस और बलिदान ने हमें यह आजादी और सुरक्षा का वातावरण प्रदान किया है ऑपरेशन सिंदूर जैसा सफलता हम सभी को गर्व से भर देती है यह तिरंगा यात्रा हमारे उन वीर जवानों के प्रति अमर और राष्ट्र प्रेम का प्रतीक है यह आयोजन न केवल ग्राम पंचायत में देशभक्ति की भावना को पुनर्जीवित करने वाला है बल्कि उनके आने वाले पीढ़ियां को भी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस तिरंगा यात्रा रैली के दौरान ग्राम पंचायत उपसरपंच भावसिंग जांगड़े सचिव हरिकिशन वर्मा पंच लता साहू उत्तम बंजारे अशोक साहू हेमंत सागरवंशी पुष्पा साहू कविता यादव शैल बल यादव गैंदराम साहू तिजमत देवनाथ यादव रोजगार सहायक ललिता साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए 4 पुलिसकर्मी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में अपराध नियंत्रण, विवेचना और उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में 'कॉप ऑफ द मंथ' योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत मई 2025 माह के लिए चार पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया।

पुलिस लाइन स्थित कम्यूनिटी हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने उप निरीक्षक किशुन कुंभकार, सहायक उप निरीक्षक जगदीश सोनवानी, सहायक उप निरीक्षक जीवनलाल वर्मा एवं आरक्षक गौरीशंकर कश्यप को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उप निरीक्षक किशुन कुंभकार थाना भाटापारा ग्रामीण ने गंभीर अपराध क्रमांक 129/2024, धारा 341, 506 (2), 507, 376(2)(द) भादवि एवं पास्को एक्ट के तहत उत्कृष्ट विवेचना कर पीड़िता को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सहायक उप निरीक्षक जगदीश सोनवानी चौकी प्रभारी, गिरौदपुरी ने थाना राजादेवरी में अपराध क्रमांक 5/2025, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम में गहन जांच कर आरोपी को न्यायालय से सजा दिलाने में सफलता प्राप्त की।

सहायक उप निरीक्षक जीवनलाल वर्मा थाना लवन ने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध क्रमांक 261/2024, धारा 20(b)(ii)(B) में मादक पदार्थ तस्करी के मामले में सटीक विवेचना कर प्रभावी कार्रवाई की। आरक्षक क्रमांक 593 गौरीशंकर कश्यप साइबर सेल बलौदाबाजार नेअंतरराष्ट्रीय सट्टा गिरोह के सदस्यों की पतासाजी कर उनकी गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती गुप्ता ने सभी चयनित अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रेरणा लेने की अपील की, जिससे जिले में कानून व्यवस्था और अधिक सशक्त हो सके।







**कक्षा बारहवीं में महवीज को मिला 87 प्रतिशत : बागबाहरा।** अवराडबरी से जनाब सैयद रियाज अली की बेटी महवीज नाज़ ने कार्मेल कान्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल बागबाहरा से शिक्षा प्राप्त करते हुए सीबीएसई कक्षा 12वीं साइंस (बायोलॉजी) में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया है, जिससे परिवार में खुशियों का माहौल है।

गंजेपन का ईलाज

अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपण
FUT एवं FUE तकनीक द्वारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन
13 सितंबर से 19 सितंबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411